सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7490	29.06.2023	30.06.2023	Hamirpur Himachal Pradesh	www.jagran.com/Hindi https://www.jagran.com/himachal-pradesh/hamirpur-hp-jaundice-knocks-in-tauni-devi-villages-34-people-get-affected-by-drinking-dirty-water-23455845.html

Title:	**Jaundice in tauni devi villages, 34 people affected by dirty water in Hamirpur, Himachal Pradesh**
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Hamirpur, SSU- Himachal Pradesh

टौणी देवी स्वास्थ्य खंड के तहत आने वाले विभिन्न गांवों में पीलिया ने दस्तक दी है। पीलिया से पीड़ित मरीजों की संख्या 35 जा पहुंची है। मरीजों का उपचार घर में ही चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की पांच टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोगों को ओआरएस के पैकेट सहित क्लोरीन की गोलियां वितरित की हैं, वहीं लोगों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग ने पेयजल के सैंपल भी लिए हैं, इनकी रिपोर्ट कल तक आने की उम्मीद है। उसके बाद ही पता चल सकेगा कि पेयजल दूषित होने के कारण या बासा खाना खाने से पीलिया ने पैर पसारे हैं। बताया जा रहा है कि लोहारी, कटयारा, करियाली, फरगोट, कलंजड़ी देवी, भरनांग व सराहकंड क्षेत्र में पीलिया से मरीज दो-तीन दिन से आ रहे हैं, लेकिन लोग घर में रहकर ही इलाज करवा रहे हैं, कोई भी अस्पताल में दाखिल नहीं हुआ है।

लोग अपने घर में हैं और ठीक हैं। बीते दिन की बात करें तो 32 के करीब लोग पीलिया से पीड़ित हैं, जिनके जल्दी ठीक होने के लिए उन्हें क्लोरीन की दवाई व ओआरएस के पैकेट वितरित किए गए हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग लोगों को जागरूक भी कर रहा है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वास्थ्य टीमों ने लिए लोगों के घरों से पानी के सैंपल

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों के घरों से पानी के सैंपल लिए हैं। इनके नमूनों को जांच के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया है। कल तक यह रिपोर्ट आने की उम्मीद है, आज भी पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। टौणीदेवी ब्लॉक के बीएमओ डॉ अविनीत शर्मा, अभिषेक शर्मा के अलावा हेल्थ एजुकेटर कमल मनकोटिया, आशा वर्कर ने खयाह, सराकड, भरनांग ओर रोपा पंचायतों में पहुंचकर लोगों को दवाइयां बंटी। जो लोग पीलिया की चपेट में है उनके स्वास्थ्य की जांच की।

कराड़ा पेयजल योजना का पानी पी रहे हैं लोग

कराड़ा पेयजल योजना का पानी इन गांवों में सप्लाई किया जाता है। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि इस पेयजल योजना का पानी पीने से ही लोग पीलिया की चपेट में आए हैं या दूसरा कोई कारण है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग लोगों से जानकारी जुटा रहा है। उसके बाद एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसे जिला स्वास्थ्य विभाग को सौंपा जाएगा।

इसे लेकर डॉ.अभिनीत शर्मा ने बताया कि खंड चिकित्सा अधिकारी टौणी देवी के अधीन आने वाले क्षेत्रों में पीलिया ने दस्तक दी है। फरगोट, कलंजड़ी देवी, भरनांग व सराहकंड क्षेत्र में पीलिया से मरीज आए हैं। वीरवार को पांच टीमों ने अलग अलग क्षेत्र में जाकर प्रभावित लोगों को क्लोरीन व ओआरएस के पैकेट वितरित किए हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को स्वच्छ पेयजल पीने के लिए भी जागरूक किया है। पानी के सैंपल भी लिए हैं, जिसकी रिपोर्ट कल तक आएगी।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
twitter https://twitter.com/MSVC1